हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–236 : जौनपुर, सोमवार 27 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## रक्षा मंत्री द्वारा लखनऊ में रक्षा प्रौद्योगिकी परीक्षण केंद्र व डीआरडीओ के ब्रह्मोस विनिर्माण केंद्र की रखी आधारशिला

आर एल पाण्डेय लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 26 दिसंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्थापित रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र तथा ब्रह्मोस विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इन दोनों की आधारशिला रखी गई। उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल कॉरिडीआईसी में रक्षा और एपकलस्टरों के में तेजी लाने के लिए 22 एकड़ में फैले अपनी तरह के पहले रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र (टीटीटीसी) की स्थापना की जा रही है। यूपी डीआईसी के लखनऊ में फैसिलिटी है। यह 200 एकड़ से अधिक क्षेत्र को कवर करेगी और नए ब्रह्मोस–एनजी संस्करण का उत्पादन करेगी जो हथियार प्रणाली को आगे बढ़ते हुए यह नया केंद्र अपने दो से तीन वर्षों में तैयार हो जाएगा। डीआरडीओ और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों को बधाई देते हुए राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत को अर्जित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया मेक फॉर इंडिया और मैक फॉर वर्ल्ड का संदेश विश्व स्तर पर भेजा है। रक्षा मंत्री ने रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र उत्तर प्रदेश के युवा और स्टार्टअप्स को ध्यान में रखते हुए रक्षा उत्पादों को विकसित करने के लिए प्रौद्योगिकी आधार उप उन्होंने उत्तर प्रदेश के युवाओं की ऊर्जाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश के एमएसएमई को एकजुट करने और राज्य को रक्षा तथा एक निर्माण के क्षेत्र में सबसे आगे जाने में सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र विकास के माध्यम से रक्षा और एयरोस्पेस निर्माण का सृजन करेगा। श्री सिंह ने कहा, ''हम कभी भी हमलावर नहीं रहे हैं, लेकिन विद्वेषपूर्ण इरादों के साथ किसी भी राष्ट्र के विरुद्ध अपने नागरिकों की रक्षा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली का उद्देश्य एक निवारक के रूप में कार्य करना है। उन्होंने कहा, यह प्रणाली न केवल भारत और रूस के बीच तकनीकी सहयोगको प्रतिनिधित करती है, बल्कि समय से चले आ रहे सांस्कृतिक, राजनीतिक और राजनयिक संबंधों को भी दर्शाती है। उन्होंने ब्रह्मोस को दुनिया का सबसे और सबसे तेज सटीक निर्देशित हथियार दिया, जिसने 21 वीं सदी में भारत की विश्वसनीय प्रतिरोधाक क्षमता को मजबूत किया है। भूमि, पानी और हवा में अपनी मारक क्षमता है तथा आने वाले वर्षों में भारतीय सेना की आधुनिक युद्ध क्षमता को काफी मजबूत करेगी। उन्होंने इस बात की सराहना की कि पूपी डीआईसी की स्थापना में प्रदेश के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के की तकनीकी प्रगति के लिए नए रास्ते खोले हैं। उन्होंने कहा कि इसके उद्घाटन के समय हमने 3,732 करोड़ रुपये के निर्देशानुसार में 1400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश पहले ही प्राप्त हो चुका है और तेजी से आगे बढ़ रही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने सहित रक्षा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में एक सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया है और अपने रक्षा औद्योगिक आधार के निर्माण में सराहनीय प्रगति की है। आधुनिक प्रणालियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर भारत अर्जित करने के द्वारा की सैन्य स्थिति को बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सराहना की। राजनाथ सिंह ने सभी उपस्थित लोगों से उत्तर प्रदेश राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। रक्षा के साथ–साथ रक्षा निर्माण और उत्तर प्रदेश राज्य तथा लखनऊ शहर की अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार की अवसंरचना में सुधार तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों के कल्याण तथा प्रगति के लिए विभिन्न पहले की सराहना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीआईसीडेफएक्सपो–2020 और झांसी में भारत यमिक लिमिटेड की स्थापना जैसी रक्षामंत्री की पहलों के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को धन्यवाद दिया। राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी और विश्वास किया कि राज्य के साथ–साथ राष्ट्र की प्रगति में



भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी। योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बड़ी संख्या में लघु और सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) के कारण रक्षा क्षेत्र में प्रगति के लिए उत्तर प्रदेश को रेखांकित किया। राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि दो इकाइयों का शिलान्यास राष्ट्र की रक्षा के साथ–साथ रक्षा निर्माण और उत्तर प्रदेश राज्य तथा लखनऊ शहर की अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार की अवसंरचना में सुधार तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों के कल्याण तथा प्रगति के लिए विभिन्न पहलों की सराहना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी डीआईसी, डेफएक्सपो–2020 और झांसी में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की स्थापना जैसी रक्षा मंत्रालय की पहलों के लिए रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, यूपी डीआईसी के सभी छह नोड्स में काम शुरू हो गया था और दो इकाइयों की आधारशिला रखना रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के विजन को पूरा किया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये इकाइयां राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी और विश्वास व्यक्त किया कि ये इकाइयां राज्य के साथ–साथ राष्ट्र की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी। योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बड़ी संख्या में मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यमों (एमएसएमई) के कारण रक्षा क्षेत्र में प्रगति के लिए उत्तर प्रदेश की क्षमताओं को रेखांकित किया। उन्होंने राज्य में आने वाले रक्षा क्षेत्र के उद्योगों को राज्य सरकार के हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अपने उद्घाटन भाषण में रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी ने लखनऊ में डीटीटीसी के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए रक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने ब्रह्मोस निर्माण केंद्र के लिए 200 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र में आने वाले उद्योगों को डीआरडीओ की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लखनऊ में डेफएक्सपो–2020 के दौरान उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) और डीआरडीओ के बीच आदान–प्रदान किए गए समझौता ज्ञापन को कार्यान्वित करने के लिए अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र की स्थापना की जा रही है। लखनऊ के डीटीटीसी, डीप–टेक स्टार्टअप्स और उद्योगों के प्रौद्योगिकी परामर्श तथा प्रारम्भिक सहायता के लिए डिजाइन बिल्ड–टेस्ट–लर्न चक्र का अनुसरण करेगा। यह एक केन्द्रीकृत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अवसंरचना की स्थापना के माध्यम से उद्योगों को सुविधा प्रदान करेगा जो उत्पाद विकास में तेजी लाएगा और इसके 6 उपकेंद्रों के माध्यम से भविष्य की प्रणालियों के विकास के लिए समावेशन समय तथा टर्नअराउंड समय को कम करेगा। यह अनूठा सेटअप डीआरडीओ के आईपीआर, पेटेंट और टीओटी को समझने के लिए उद्योगों और स्टार्टअप के लिए एक सेतु का काम करेगा। यह यूपी डीआईसी में उद्योगों, स्टार्टअप्स और शिक्षा क्षेत्र के लिए समग्र आरम्भिक सहायता प्रदान करेगा। यह यूपीडीआईसी में उद्योगों और स्टार्टअप्स के विकास तथा व्यवसाय करने की सुगमता को बढ़ावा देगा और एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देगा। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली दुनिया के सबसे सफल मिसाइल कार्यक्रमों में से एक है। भारत ने अपने निकटतम रणनीतिक सहयोगी रूस के साथ संयुक्त रूप से साझेदारी की है। दुनिया के सबसे अच्छे और सबसे तेज सटीक निर्देशित हथियार के रूप में, ब्रह्मोस ने 21वीं सदी में भारत की प्रतिरोधक शक्ति को मजबूत किया है। भारत–रूस संयुक्त उद्यम इकाई ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा डिजाइन और विकसित, सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस अपनी शैली में सबसे बहुमुखी हथियार के रूप में विकसित हो चुकी है। इस उत्कृष्ट कार्य को आगे बढ़ाने के लिए, ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने मिसाइल के एक नए, अधिक उन्नत संस्करण ब्रह्मोस एनजी पर काम शुरू किया है। छोटे, हल्के और स्मार्ट आयामों वाली इस नई मिसाइल को भूमि, समुद्र, पानी के भीतर और हवा सहित आधुनिक सैन्य प्लेटफार्मों की एक विस्तृत संख्या पर तैनाती के लिए डिजाइन किया जाएगा। यह अगले कुछ वर्षों में भारतीय सेना की आधुनिक युद्ध क्षमता और लचीलेपन को बेहद मजबूत करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री कौशल किशोर, उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महानाय राज्य सरकार के अन्य मंत्री, सांसद, विधायक और राज्य के जनप्रतिनिधि, रक्षा मंत्रालय, मनीष भारद्वाज कोऑर्डिनेटर डीआरडीओ तथा राज्य सरकार के अधिकारी ओएसडी के पी सिंह, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी पब्लिक रिलेशंस ऑफीसर डॉ राघवेंद्र शुक्ला, प्रेसिडेंट मुकेश शर्मा, जनरल सेक्रेटरी त्रिलोक सिंह अधिकारी, महापौर संयुक्ता भाटिया, प्रमुख सचिव गृह एवं चेयरमैन यूपीडा अवनीश अवस्थी तमाम गणमान्य नागरिकों समेत 11500 नागरिक उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ राजयोगिनी बीके उषा बहन ने ''चले राम राज्य की ओर'' कार्यक्रम का शुभारम्भ कर दिया ईश्वरीय सन्देश

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू पर्वत राजस्थान से अयोध्या क्षेत्रीय बोर्डिंग हाउस में वरिष्ठ राजयोगिनी उषा दीदी जी के आगमन पर बीके मुकेश भाई और अन्य महान गण द्वारा भव्य स्वागत किया गया आओ चलें रामराज की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ राजयोगिनी उषा दीदी जी ने मां सरस्वती जी पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया सभी आए महान गढ़ को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र एवं सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय का नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया और संवाद में बताया गया कि आज आपको अवगत कराते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि अंतरराष्ट्रीय अध्यात्मिक संस्था प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विद्यालय सेवाओं की उद्धार हेतु इस सनातम कलयुग काल में आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों,सद्गुणों से विमुख मानव मन को सकारात्मक दिशा एवं दिव्य ऊर्जा प्रदान करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश की उपासना लाइव चैनल के रिपोर्टर सुरेंद्र कुमार से खास मुलाकात बीके मुकेश भाई से हुई जिसमें बीके मुकेश भाई ने ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी लोगों को दी और बताया यह ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक अनोखे प्रकार का यज्ञ भी है इसी यज्ञ की अग्नि से ना केवल प्रदूषण नष्ट होता है बल्कि सुगंधित वातावरण का निर्माण भी होता है। इस महायज्ञ की ज्ञानी और योगिनी से विश्व की कुर्तियां, दूषित संस्कार, बुरे विचार, पापाचार तथा भ्रष्टाचार नष्ट हो जाते हैं और एक नए समाज नए विश्व का निर्माण होता है जिसे सतयुगी संसार कहा जाता है,उस संसार में नर नारी देवी एवं देवता के समान होते हैं यह विश्वविद्यालय एक रूहानी अस्पताल अथवा आत्माओं का औषधालय भी है। आत्माएं जो काम, क्रोध लोभ ,मोह, अहंकार आदि रोग से पीड़ित है उनका उपचार यहां ज्ञान की औषधि, योग की इंजेक्शन तथा पवित्रता की धारणा से किया जाता है। यह ईश्वरीय विश्वविद्यालय सही अर्थ में सभी वर्गों के लिए है जहां जात पात या भाषा धर्म और देश विदेश





का भेदभाव नहीं किया जाता है जहां सभी प्रकार के साथ आत्मिक नाते से भाई–भाई मानकर व्यवहार होता है और विश्व को एक कुटुंब मानकर विश्व बंधुत्व की शिक्षा दी जाती है। इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शिक्षार्थी मानव विकारों के डूबते हुए विश्व रुपी बेड़े को निकालने वाले एवं पवित्र बनाने के कार्य में सहायक रूहानी खिवैया है और आध्यात्मिक नियमों रूपी अनुशासन का पालन करने हेतु विषय विकारों एवं ईश्वरीय ज्ञान के अस्त्रो एवं योग बल से विजय प्राप्त करते हैं, यह एक प्रकार से पावन संगम भी है जहां ज्ञान–गंगाओं का परमात्मा रूपी ज्ञान सागर से मिलन–मेला होता है यहां के विद्यार्थी ज्ञानगंगा बनकर सारे विश्व को पावन बनाने की श्रेष्ठ सेवा करते हैं। इस प्रकार विश्वविद्यालय एक ज्ञान नाव भी है जिसका खिवैया विश्व पिता परमात्मा है जिसके द्वारा नर–नारी विषय सागर को पार कर पवित्र स्वर्ग की सृष्टि अर्थात सतयुगी की दुनिया में प्रवेश करते हैं। इसे हम ईश्वरीय विश्वविद्यालय इसलिए कहते हैं क्योंकि विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं सर्व आत्माओं के परमपिता परमात्मा है जो सृष्टि के आदि मध्य अंत की बेहद ही पढ़ाई पढ़ाते हैं जो सर्व मानव मात्र के लिए है। इस आध्यात्मिक पढ़ाई से विश्व में ऐसा परिवर्तन है होता है जो कलयुग बदल सतयुग आ जाता है और सारे विश्व में पवित्रता सुख शांति की पुनर्स्थापना होती है।

## जन विश्वास यात्रा में उमड़ी भीड़ लोकतंत्र व सरकार के बीच समन्वय का सूचक : पंकज चौधरी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जन विश्वास यात्रा के दौरान जगह–जगह उमड़ी भीड़,बजे ढोल नगाड़े,वेद मंत्रों व शंख ध्वनि के साथ हुआ स्वागत।भाजपा की जन विश्वास यात्रा का खजनी विधानसभा क्षेत्र में जगह–जगह प्रमुख चौराहों पर पर जोरदार भव्य स्वागत किया गया।यात्रा की नेतृत्व कर रहे केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ रथ वाहन पर जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम,राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद,जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह,क्षेत्रीय विधायक संत प्रसाद, विधायक विमलेश पासवान,खजनी विधानसभा प्रभारी निरंजन त्रिपाठी मौजूद रहे, खजनी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ मंडल अध्यक्ष धरणीधर राम त्रिपाठी डीजे ढोल नगाड़े के साथ माल्हनपार पहुंचे,उन्होंने यात्रा पर पुष्प वर्षा कर खजनी विधान सभा में प्रवेश कराया।उसके बाद यात्रा क्षेत्र में माल्हनपार,भरोहिया चौबे,बढ़नी,खजनी सिनेमा हाल व मेन चौराहा,कटघर चौराहे पर जोरदार भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान हुई सभाओं में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोगो को संबोधित करते कहा क्षेत्र में जगह–जगह उमड़ी भीड़ राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन कर रही है।इससे साफ है कि भाजपा की नीतियों से लोग प्रभावित हुए है जो लोकतंत्र और सरकार के बीच






समन्वय सूचक को दर्शाता है इसलिए विधानसभा चुनाव में हमारी जीत सुनिश्चित है।स्वागत करने वालों में आवास विकास राज्य मंत्री अश्वनी त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष हरकेश राम त्रिपाठी, रामकृष्ण पाठक, संतराज पासी, सुरेंद्र सिंह,तारकेश्वर मिश्रा, दिनेश प्रताप सिंह,अवध बिहारी मिश्रा,रामवृक्ष सिंह, जगदीश चौरसिया राजाराम कनौजिया विनोद शर्मा लालचंद त्रिपाठी,रामपाल सिंह, माया मिश्रा,पूनम सिंह आज सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पुलिस देखती रहती लगा रहता लंबा जाम : जिम्मेदार बैठ कर तोड़ते हैं कुर्सी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : रामगढ़ ताल थाना क्षेत्र के नौकायान चौकी के अंतर्गत जो नौकायान पर्यटन स्थल की वजह से काफी व्यस्त रहता है जहां पर चौकी के पुलिसकर्मी एवं चौकी इंचार्ज कुर्सी तोड़ते रहते हैं वहीं जनता जाम को झेलने को मजबूर बनी हुई है यहाँ पर पुलिस तैनात रहती है। इसके बावजूद भी जाम लगा रहता है।नौकायान जो पर्यटन स्थल होने के कारण व्यस्तम रहता है यहां दिन–रात पुलिस तैनात रहती है। इसके बावजूद सुबह से लेकर देर रात तक जाम लगा रहता है। जाम के पीछे बड़ा कारण है पुलिस की बदइंतजामी। तो पुलिस के सामने ही जाम बदस्तूर जारी था और खाकी हाथ पर हाथ धरे बैठी थी।नौकायान चौकी भी बनी हुई है। लेकिन चौकी पर दिन–रात पुलिस तैनात रहती है, लेकिन जाम को देखकर भी आंख चुराना पुलिस की कार्यप्रणाली बन गई है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

–संपादक

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : खजनी क्षेत्र के नगर पंचायत उनवल कादिर बक्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया आयोजन किया गया,इस जांच शिविर में लगभग दो सौ से अधिक लोगो ने अपना जांच कराकर ईलाज कराया। जिसमें आर्यन



हॉस्पिटल के बेहतरीन डॉक्टरों की टीम ने यह निशुल्क जांच शिविर लगाकर परामर्श देते हुऐ लोगों को जागरूक भी किया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ. डी.पी सिंह, डा भानु प्रकाश गुप्ता, के सी गांधी, शोभना अग्रवाल, आबिद अली, अमीतांश केशवानी आदि डॉक्टर इस शिविर में मौजुद रहे। डॉ. भानु ने बताया की यह शिविर गरीब लोगो के लिए लगाया गया है जिसमें स्वास्थ्य में लापरवाही करने वाले लोग को जागरूक करते हुए उनका ईलाज कर निशुल्क दवा भी दीया गया है। शिविर में मुख्य रूप से तैयब अहमद(पूर्व प्रधान), मनोज यादव(सपा नेता),सहदेव यादव, अभिषेक यादव, राकेश यादव, दिग्विजय शर्मा, नागा यादव आदि लोग सहयोग में मौजुद रहे।

## गोला गोकरणनाथ मंदिर में गूंजा बम बम भोले का जयकारा

आर. एल. पाण्डेय लखनऊ। शहर की इंदिरा नगर समेत कई कालोनियों में रहने वाली दर्जनों महिला व पुरुष शिव भक्तों ने लखीमपुर जिले के गोला कस्बे में स्थित गोकरण नाथ मंदिर में जाकर भगवान भोलेनाथ का पूजन – अर्चन और संगीतमय भजन – कीर्तन किया. महिला श्रद्धालुओं ने रेलवे स्टेशन से मंदिर तक पैदल जाते हुए बम बम भोले व हर हर महादेव के जयकारे लगाकर वातावरण को संगीतमय बना दियाइंदिरा नगर बी ब्लॉक निवासी शिव भक्त नीलम दीक्षित ने बताया कि शनिवार की



सुबह मानस विहार, तकरोही, इंदिरा नगर बी व सी ब्लॉक निवासी करीब तीन दर्जन महिला – पुरुष भक्तजनों ने ट्रेन से गोला जाकर गोकरण नाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुष्प पत्र चढ़ा कर पूजा की. इससे पूर्व महिलाओं ने ट्रेन में भजन व कीर्तन गाकर और लड़कियों ने नृत्य कर भक्तिमय माहौल बना दिया. महिला भक्तों ने बम बम भोले व हर हर महादेव के जमकर जयकारे भी लगाए. ट्रेन के अन्य यात्रियों ने भी उनका भरपूर साथ दिया. बाद में, सभी भक्त बस से लखीमपुर आकर प्रसिद्ध संकटा देवी मंदिर में दर्शन – पूजन किया.राजधानी से गोला व लखीमपुर खीरी गयी शिवभक्तों की टोली में श्रीमती उमा त्रिपाठी, सविता श्रीवास्तव, विजयलक्ष्मी दीक्षित, सीमा दीक्षित, शशी गुप्ता, सत्या, संतोष शुक्ला, विवेक शुक्ल, आशीष – सीमा दीक्षित, बेबी पाण्डेय, सुषमा, नीलम पाण्डेय, रूबी राय, संगीता राय, क्षमा, साधना, कृष्णा यादव हरिभजन यादव, निर्मला वर्मा, किरन तिवारी, श्रीनिवास तिवारी (बंटी), नीलम तिवारी, प्रज्ञा, प्रियम्,आदर्श, पिहू, श्रेया, कार्तिकेय, छवि, ओम, रुद्र व गुनगुन आदि लोग शामिल रहे।

## आखिर कब बनेगी तुलसी नगर की जर्जर सड़क

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी में राज्य सरकार द्वारा विकास की गंगा बहाईजारही है फिर भी कई विद्यालयों राजकीय चिकित्सालय सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के बीच की सड़क बरसों से जर्जर अवस्था में होने के कारण आने जाने वालों विकास की गंगा पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला तुलसी नगर मैं कुम्हार मंदिर से सप्त सागर कॉलोनी जाने वाला पक्का मार्ग के नाली 1 वर्ष पूर्व बनाए जाने हेतु तोड़ी गई थी बाद में पता चला कि बजट शासन को चली गई है तब से अब तक सड़क वनाली अभी तक नहीं बन पाई बताते चलें कि उक्त मार्ग पर राजकीय तुलसी महिला चिकित्सालय सरस्वती शिशु मंदिर अयोध्या समाज सेवा विद्यालय शिवदयाल सरस्वती विद्यालय को ऑपरेटिव ट्रेंनिंग सेंटर के मध्य स्थित है स्थानीय पार्षद वाह नेता गण से जब कहा जाता है तो रटा रट या जवाब मिलता है बजट आ गया है जल्द बनेगा ज्ञात हो कि जो नाली सड़क ठीक है उसे बनाया जा रहा है किंतु मार्ग पर जिला प्रशासन व नेता जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस कारण से नहीं जाता है उस मार्ग पर लोगों के निजी मकान नहीं बने हैं उक्त मार्ग के सड़के टूटे–फूटे होने के कारण छोटे–छोटे छात्र–छात्राएं वह मरीजों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**''सच्चे इंसान गलती कर सकते है पर किसी के साथ गलत नहीं कर सकते।''**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# राजनीति के दुश्चक्र में हिंदुत्व

धर्म के व्यापक फलक में सनातनी भी हिंदू हैं, आर्य समाजी भी और ब्रह्म समाजी भी। ऐसा विशाल और व्यापक धर्म दुनिया में नहीं है। तो फिर हिंदुत्व क्या है? क्या बजरंग दल और श्रीराम सेना की सोच हिंदुत्व है? क्या हिंदुत्व प्रेमी जोड़ों पर हमला है? पहनने–ओढ़ने पर सामाजिक पुलिसिंग है? क्या 'लव जिहाद' के नाम पर आंदोलन हिंदुत्व है? घर वापसी हिंदुत्व है?

हिंदुत्व को लेकर जंग छिड़ी है। 'हिंदुत्व' राजनीति के दुश्चक्र में फंस गया है। एक तरफ हाहाकारी हिंदुत्ववादी हैं और दूसरी ओर 'मैं हिंदू हूं, पर हिंदुत्ववादी नहीं' के झंडाबरदार। फिर कोई खुर्शीद साहब आते हैं और हिंदुत्व को 'बोको हराम' बता जाते हैं। बोको हराम जैसे नृशंस संगठन की तुलना हिंदू धर्म से करना अपनी जाहिलियत का एलान ही है।

कभी कोट के ऊपर जनेऊ पहनने वाले राहुल गांधी हिंदुत्व को हिंसा और सांप्रदायिकता का औजार बता देते हैं। दरअसल हिंदू और हिंदुत्व अद्वैत हैं। हिंदुत्व अपने आप में कोई धर्म, पंथ या वाद नहीं है। जो 'हिंदुइज्म' के जरिये हिंदुत्व को समझने की कोशिश करते हैं, उन्हीं से यह बखेड़ा खड़ा हुआ है। हिंदुत्व सिर्फ 'हिंदू–पन' है।

हमारी परंपरा में चार्वाक ईश्वर के अस्तित्व को ही नहीं मानते थे। उन्होंने वर्तमान में जीने और कर्ज लेकर घी पीने का एलान किया था। हमने उनका सिर कलम नहीं किया, बल्कि ऋषि का दर्जा दिया। कबीर पत्थर को पूजने (मूर्तिपूजा) के खिलाफ खड्गहस्त थे। हमने उन्हें भक्त माना। तुलसी सगुण उपासक थे। पर उन्होंने लिखा पद बिन चले, सुनै बिन काना यानी ईश्वर बिना पैर के चलता और बिना कान के सुनता है।

यानी ईश्वर निर्गुण है। एक ही बिस्तर पर मेरी सनातनी दादी अंतकाल रघुवर पुर जाई गाती थी, तो आर्य समाजी दादा अंतकाल अकबरपुर (फैजाबाद पैतृक गांव) जाई का उद्घोष करते थे। एक मूर्ति पूजा करता, दूसरा उसका विरोध। पर दोनों हिंदू थे। एक ही छत के नीचे कोई राम भक्त, कोई शिव भक्त, कोई कृष्ण भक्त, तो कोई शक्ति की उपासना करता था। पर सब हिंदू थे। यह है हिंदू धर्म का मूल।

हिंदू धर्म की इस संवादप्रियता के कारण ही भारतीय इस्लाम और भारतीय ईसाई यहां वैसे नहीं हैं, जैसे अपने मूल रूप में अरब और पश्चिम में हैं। हिंदू धर्म में आस्तिकता की भी जगह है और नास्तिकता की भी। इसमें मूर्ति को मानने वाले भी हैं, मूर्ति को न मानने वाले भी। द्वैत–अद्वैत और सगुण–निर्गुण को मानने वाले भी।

धर्म के व्यापक फलक में सनातनी भी हिंदू हैं, आर्य समाजी भी और ब्रह्म समाजी भी। ऐसा विशाल और व्यापक धर्म दुनिया में नहीं है। तो फिर हिंदुत्व क्या है? क्या बजरंग दल और श्रीराम सेना की सोच हिंदुत्व है? क्या हिंदुत्व प्रेमी जोड़ों पर हमला है? पहनने–ओढ़ने पर सामाजिक पुलिसिंग है? क्या 'लव जिहाद' के नाम पर आंदोलन हिंदुत्व है? घर वापसी हिंदुत्व है?

वैलेंटाइन–डे का डंडे से मुकाबला हिंदुत्व है? प्रायः कट्टरता को नव राष्ट्रवादी हिंदुत्व का लक्षण मान रहे हैं। एक पवित्र शब्द का अर्थ ऐसे गिरा कि इस शब्द ने अपनी अर्थवत्ता ही खो दी। धारणा में हिंदुत्व के नाम पर एक आक्रामक लठैत समाज खड़ा हो गया, जिसे कोई आलोचना बर्दाश्त नहीं। जैसे बंधु–बंधुत्व, बुद्ध–बुद्धत्व, मनुष्य–मनुष्यत्व होता है, वैसे ही हिंदू–हिंदुत्व होता है।

उसमें गड़बड़ की अंग्रेजी शब्द 'हिंदुइज्म' ने, जिसका अनुवाद अंग्रेजीदां मित्रों ने हिंदुत्व कर लिया। हिंदुत्व शब्द का सबसे पहले इस्तेमाल बंकिमचंद्र के आनंदमठ में हुआ था। बाद में सावरकर ने इसे राजनीतिक विचारधारा से जोड़ा। नासमझी दोनों तरफ है। जो हिंदुत्व में बोको हराम जैसी नृशंसता देख रहे हैं, उन्हें हिंदू धर्म के बारे में कुछ नहीं पता।

हिंदू धर्म न किसी एक किताब से जुड़ा है, न किसी एक धर्म प्रवर्तक या भगवान से। यह दुनिया का इकलौता धर्म है, जहां से आप कोई धार्मिक पुस्तक या भगवान निकाल लें, तो भी बगैर खतरे के धर्म बना रहेगा। हिंदू आत्मा के अमरत्व में विश्वास करता है। हिंदू का धर्म ही उसे वह ताकत देता है कि वह अधर्म से निपट सके।

प्रतिशोध और प्रतिक्रिया की कायर हिंसा के बल पर नहीं, अपनी आस्था, विचार, अहिंसा और अपने धर्म की अक्षुण्ण शक्ति पर। हिंदू को किसी मुल्ला, पोप, आर्क बिशप या महंत के जरिये उस तक नहीं पहुंचना होता है। हिंदू धर्म इस बात की पूरी स्वतंत्रता देता है कि कोई अपना आराध्य, पूजा पद्धति, जीवन शैली अपनी आस्था के अनुसार चुन सकता है।

आप वेद में भी विश्वास कर सकते हैं। उपनिषद् में भी भरोसा कर सकते हैं। रामायण को भी मान सकते हैं। गीता को ही अपना धर्म ग्रंथ मान सकते हैं। उपनिषद भी एक नहीं, 108 हैं। महापुराण भी 18 हैं। हिंदू होने के लिए गीता को बाइबिल या कुरान की तरह अपने धर्म की पहली और अंतिम पुस्तक मानना अनिवार्य नहीं है।

भक्त कवियों ने गुरु का होना अनिवार्य माना है। लेकिन गुरु को सब कुछ मानने वाले कबीर ने भी कह दिया कि गुरु की करनी गुरु जाएगा, चेले की करनी चेला। आदि शंकराचार्य जब केरल के कलाडी गांव से बौद्ध और जैन मत के सामने सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने निकले थे, तो उनके साथ लाखों कारसेवक नहीं थे। उनके साथ उनका धर्म था, जिसे उन्होंने अपने ज्ञान और तप से स्थापित किया।

शंकराचार्य ने चार पीठों की स्थापना की, लेकिन यह नहीं कहा कि यह पीठ उस पीठ से ऊंची या बड़ी है। उन्होंने चार शंकराचार्य बैठाए, लेकिन किसी एक के अधीन तीन को नहीं किया। किसी भी शंकराचार्य को अधिकार नहीं दिया कि अपने धाम के लोगों के लिए धर्मादेश निकाल सकें, जो सभी हिंदुओं के लिए बाध्यकारी हो। सो हिंदू धर्म के मर्म को समझिए और हिंदुत्व पर कृपा कीजिए। हिंदुत्व से अधिक वृहद, उदार और सर्वसमावेशी विचारधारा दूसरी नहीं मिलेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# विपरीत स्थिति में संघर्ष करने की प्रेरणा देता है साहित्य : बृजभूषण सिंह

आर एल पाण्डेय गोण्डा। जीवन में विपरीत परिस्थितियों व संकट के दौर में साहित्य संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। जीवन में हमने संघर्षों के दौरान अनेक उतार–चढ़ाव देखे हैं लेकिन निराशा के क्षणों में हमें राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं ने संबल दिया है। उक्त विचार सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार की देर सायं मालवीय नगर स्थित रामलीला मैदान में डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में भाजपा उपाध्यक्ष मनीष सिंह के संयोजन में आयोजित विराट कवि सम्मेलन एवं असहाय वर्ग में कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने दिनकर के रश्मिरथी काव्य से पंक्तियां उद्धृत करते हुए छात्रों और युवाओं का आह्वान करते कहा– मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है। श्री सिंह ने दिनकर के साथ नीरज को जोड़ते हुए कहा कि साहित्यकार की रचना परिस्थितियों की सामयिक उपज हैं। कार्यक्रम में अवध प्रांत के अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र व किसान मोर्चा के अध्यक्ष विद्याभूषण द्विवेदी ने समाज के सैकड़ों निराश्रित महिलाओं व कमजोर वर्ग में कंबल वितरण का शुभारंभ किया। कंबल के साथ भोजन पाकर दोपहर से जमें लोगों के चेहरे खिल उठे। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष सिंह ने कार्यक्रम में शामिल विशाल श्रोता समुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया और आयोजन समिति की ओर से समाज सेवा के लिए क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए संपर्क संभ्रांत नागरिकों को पगड़ी बांधने के साथ प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।। इस मौके पर सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, अनिरुद्ध सिंह साही, राघवेश तिवारी चीकू, अनिल सिंह, केके श्रीवास्तव, धीरेन्द्र पाण्डेय, राजा बाबू गुप्ता, डॉ. शेर बहादुर सिंह, राकेश वर्मा गुड्डू, नीरज मौर्य,कुंवर विशाल सिंह कसौधन व अनिल सिंह आदि मौजूद रहे। काल के कपाल पर लिखते मिटाते रहे –अटल जयंती की पूर्व– सन्ध्या पर रामलीला मैदान में हुआ विराट कवि – सम्मेलन। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती की पूर्व संध्या पर मालवीय नगर स्थित रामलीला मैदान में भाजपा उपाध्यक्ष मनीष सिंह के संयोजन में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया




गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि कमलेश मौर्य 'मृदु' एवं संचालन वरिष्ठ कवि एवं विद्वान कथाकार डॉ. संत शरण त्रिपाठी ने किया। वाणी वंदना के पश्चात लखनऊ की कवयित्री शशि 'श्रेया' ने पढ़ा– मनुजता की शान धर्मिता के स्वाभिमान अटल दीप्तिमान, तुम्हें शत शत नमन है। प्रदेश सरकार से साहित्य भूषण से सम्मानित ओज के सशक्त हस्ताक्षर शिवा का विद्रोही ने साहस की महत्ता पर कहा– चूम लेती भाल ओज के विजय श्री स्वयं, उर जिसके अदम्य साहस अतल है। बहराइच के कवि आशुतोष श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री अटल को अपनी कविता में श्रद्धा सुमन व्यक्त करते हुए पढ़ा– वह कल थे आज हैं और कल भी रहेंगे, अटल जी अटल हैं अटल थे और अटल ही रहेंगे। उन्नाव के रामेश्वर प्रसाद तिवारी प्रलयंकर ने अपने नाम को सार्थक करते हुए श्रोताओं को अटल से जोड़ते हुए कहा – काल के कपाल पर लिखते मिटाते रहे, गीत नया गाता रहे सारा जग जानता। हिन्दी संस्थान से साहित्य भूषण से सम्मानित अवधी साहित्य के सुकुमार कवि सतीश आर्य ने चातकी से प्रेम को जोड़ते हुए कहा – जन्म से ही स्वाति की आस है, वह मिले या ना मिले किंतु विश्वास है। प्रियांशु गजेंद्र बाराबंकी ने अपने सुरीले गीतों से श्रोताओं को झकझोरते हुए पढ़ा–इतने निर्मोही कैसे सजन हो गए, किसकी बाहों में जाकर मगन हो गए। मंच का सफल संचालन करते हुए प्रतिष्ठित कवि डॉ. संत शरण त्रिपाठी 'संत' ने राष्ट्रभक्ति से जनमानस को जोड़ते हुए अपनी कविता में कहा – धरती तो मां है सदा पूज्य है, किंतु हमको हमारा वतन चाहिए। देर शाम तक चले कवि सम्मेलन में स्थानीय कवि संदीप सुरीला व परीक्षित तिवारी सहित कई अन्य कवियों की रचनाओं पर सुधी श्रोताओं ने सराहना की। आयोजन की भव्यता से श्रोता कड़ाके की ठंड में भी अंत तक जमे रहे। आयोजक मनीष सिंह ने सभी श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया व्यक्त किया।

## ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल'' द्वारा प्रदेश सरकार से सभी राजनीतिक दलों की भीड़भाड़ वाले कार्यक्रमों एवं रैलियों पर रोक लगाने की मांग

आर एल पाण्डेय लखनऊ। कोविड–19 के नए वैरीअंट को बढ़ने से रोकने के लिए ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल'' ने प्रदेश सरकार से सभी तरह के भीड़भाड़ वाले आयोजनों पर रोक लगाने की मांग की उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने एक वक्तव्य जारी कर सरकार से मांग करते हुए कहा नाइट कर्फ्यू लगाना सरकार का उचित कदम है किंतु इसका दायरा और बढ़ाना चाहिए उन्होंने कहा जिस प्रकार से शादी ब्याह के आयोजनों पर शामिल होने वालों की संख्या को सीमित रखा गया है ठीक उसी प्रकार से सभी राजनीतिक दलों की राजनीतिक रैलियों एवं भीड़भाड़ वाले सभी प्रकार के आयोजनों पर अंकुश लगना चाहिए तथा सभी प्रकार के भीड़भाड़ वाले सरकारी कार्यक्रमों पर भी प्रतिबंध लगाना अति आवश्यक है उन्होंने कहा यदि प्राथमिक स्तर पर लापरवाही नहीं की जाएगी तो निश्चित रूप से कोविड–19 के नए वैरीअंट पर प्राथमिक स्तर पर ही अंकुश लग जाएगा उन्होंने सरकार से तत्काल इस दिशा में प्रतिबंध लागू करने की मांग की।

# राष्ट्रीय युवा वाहिनी का छठा स्थापना दिवस एवं समाचार पत्र विमोचन का कार्यक्रम संपन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। मुख्य अतिथि महंत श्री श्री 1008 श्री भरत दास जी महाराज अध्यक्ष 84 कोसी परिक्रमा नैमिषारण्य सीतापुर भरत दास जी ने नैमिषारण्य अपने आश्रम में गुरुकुल चलाने हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और आशीर्वाद दिया भरत दास जी महाराज को राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार में संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई जिसकी अध्यक्षता महंत श्री महादेव बाबा ने सनातन धर्म को बढ़ाने के लिए प्रकाश डाला और बताया भटके हुए युवा अपने सनातन धर्म को पहचाने और लव जिहाद पर प्रकाश डाला गुरुकुल चलाने हेतु राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार को सहयोग देने का वचन दिया स्वामी राघवेंद्र दास जी ने भी प्रकाश डाला की भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने में हर संभव योगदान देने का वचन दिया मंच संचालन की जिम्मेदारी कवि मुकेश मिश्रा ने भी बहुत अच्छा प्रकाश डाला अपनी पंक्तियों के माध्यम से सनातन धर्म के प्रति नई ऊर्जा भरने का कार्य किया। राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल एच एन मिश्रा राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश मिश्रा नीरज डावर मध्य प्रदेश प्रभारी रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ दीपिका मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार राष्ट्रीय सचिव राजन मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह आईटी सेल राष्ट्रीय प्रभारी आर्यन राहुल मंडल प्रभारी चेतना मंडल महासचिव सत्रोहन त्रिवेदी जी सागर सोनी मंडल प्रभारी कानपुर सुधीर कश्यप आशीष मिश्रा कानपुर अमित कुमार सिंह दीपक शुक्ला कबीर चौधरी चांदनी कश्यप मंडल महासचिव लखनऊ जिला अध्यक्ष लखनऊ साधना पांडे दिनेश पांडे लीगल सेल संगठन मंत्री लखनऊ मंडल धर्मपाल शाहजहांपुर मनीष द्विवेदी अवस्थी लखनऊ आदित्य जिला अध्यक्ष भिंड मध्य प्रदेश श्रीपाल पीलीभीत एवं अन्य रामू पांडे लखनऊ प्रदेशों से प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे सभी देव तुल्य पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार के छठे स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद न्यूज चैनल एवं पेपर के विमोचन में सभी लोगों ने संकल्प लिया कि भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने में राष्ट्रीय युवा



वाहिनी शंखनाद से एक नई क्रांति मिलेगी राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने बताया राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार ने आज के 8 साल पहले धारा 370 राम मंदिर जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए पूरे भारत में रथ यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक कर चुके हैं अब वक्त आ चुका है भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने का भारत में एक साथ 100 गुरुकुल बनाने राष्ट्रीय युवा वाहिनी का प्रथम लक्ष्य मुसलमानों से अल्पसंख्यक का दर्जा समाप्त किया जाए जिन जगहों पर हिंदू अल्पसंख्यक हैं हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाए मंदिर का पैसा गुरुकुल में लगाया जाए अगर मंदिर का पैसा सरकार लेती है तो मस्जिद का भी सरकार पैसा ले देवबंद को बंद करना होगा जेएनयू को बंद करना होगा क्योंकि भारत में ही नहीं पूरे विश्व में आतंक की जड़ें देवबंद जेएनयू से ही निकलती हैं आखिर मुस्लिम ही आतंकी क्यों क्योंकि इनके मदरसे इनकी मस्जिदों में केवल आतंकी पढ़ाया जाता है बहुत आवश्यक है देवबंद को बंद कराना प्रत्येक विद्यालय में गीता रामायण अनिवार्य कराना प्रत्येक धर्म स्थल में राष्ट्रगान अनिवार्य होना चाहिए बहुत जल्द राष्ट्रीय युवा वाहिनी पूरे भारत में शंखनाद के साथ भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से पूरे भारत में रथ यात्रा का आयोजन निकाला जाएगा सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार भारत के 25 प्रदेशों में कार्य कर रहा है बहुत जल्द शंखनाद के माध्यम से एक नई क्रांति लिखी जाएगी।

## पंद्रह दिवसीय सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में खूब हो रही साड़ियों की बिक्री

आर एल पाण्डेय लखनऊ। त्योहारों के आगमन के साथ ही एक बार फिर वेडिंग सीजन की शुरुआत हो चुकी है। वेडिंग समारोह, पारिवारिक आयोजना आदि विविध कार्यक्रमों के अनुकूल साड़ियों की व्यापक श्रृंखला एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने या उद्देश्य से उड़ीसा आर्ट एड क्राफ्ट द्वारा लखनऊ के केसरबाग बरादरी में सिल्क इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में ग्राहकों को सभी आयोजनों के लिए साडियो व ड्रेस के कई स्पेशल वैराइटीज मिलेंगे। प्रदर्शनी राज्यों की विशेष हैंडलूम साडिया ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक मानस आचार्य ने कहा कि हमारी संस्था सिल्क बुनाई कला को जीवित रखने के लिए पिछले कई सालों से निरंतर काम कर रही है। इस प्रदर्शनी में देश के कोने–कोने से आए बुनकरों द्वारा सिल्क की बहुत सारी वरायटियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। मानस ने बताया कि 9 जनवरी तक आयोजित यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक ग्राहकों को अपनी सेवा देगी। सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में देश के विविध स्थानों की लोकप्रिय वरायटी की मनमोहक साडिया एवं ड्रेस मटरियल पेश किए गए है। तरह–तरह के डिजाइनर पैटर्नस कलर कॉम्बिनेशन में इन साड़ियों का व्यापक खजाना यहां उपलब्ध है। इस भव्य प्रदर्शनी में देश के विविध प्रांतों की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय वैरायटी का चुनिदा संग्रह प्रदर्शित किया गया है। यहां प्रस्तुत हर साडी एवं ड्रेस मटेरियल अपने आपने अद्वितीय और मनमोहक है। इस विशिष्ट संग्रह में तमिलनाडु से कोयम्बटोर सिल्क, कांजीवरम सिल्क, कर्नाटका से बेंगलुरु सिल्क कप और जार्जेट साडी, बेंगलुरु सिल्क, सिल्क मटेरियल, आंध्र प्रदेश से कलमकारी पोचमपल्ली, मंगल गिरी ड्रेस मटेरियल उपाडा, गडवाल, धर्मावरम प्योर सिल्क साड़ी, बिहार से टसर, कथा, भागलपुर



सिल्क ड्रेस मटेरियल, पंजाबी फुलकारी वर्कसूट व ड्रेस मटेरियल, ब्लॉक हैडप्रिंट, खादी सिल्क एवं कॉटन ड्रेस मटेरियल सम्मिलित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि खासकर वैवाहिक समारोह के आगामी सीजन को देखते हुए महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में यहां साड़ियों की खरीदारी की जा रही है। प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है। सभी डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पेमेंट की सुविधा है। देशभर में 100 श्रेष्ठ बुनकर सिल्क फैब में सिल्क एवं कार्टन साडिया सूट्स ब्लॉक प्रिंट जार्जेट साडियो, डिजाइनर साड़ियो, बनारसी सिल्क साड़ियों के व्यापक संग्रह के साथ उपस्थित है। आयोजन स्थल पर निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था है। सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ से कोसा सिल्क, घीचा सिल्क साडी मलबरी रॉ सिल्क ब्लॉक प्रिंटेड सिल्क साड़ी गुजरात से बांधनी पटोला, एम्ब्रायडरी, गुजराती मिरर वर्क एवं डिजाइनर कुर्ती जम्मू और कश्मीर से तबीसिल्क साडी, पशिमना शॉल, चिनान सिल्क साडी जयपुरी कुर्ती, ब्लॉकप्रिट, सागनरी प्रिंट कोटा डोरिया उत्तर प्रदेश से सचोई बनारसी, जामदानी जामावार ब्रॉकेट ड्रेस मटेरियल, लखनवी चिकन, पश्चिम बंगाल से शांति निकेतन काथा साडी बालूचरी, निमजरी साड़ी, प्रिटड साडी. धाकई जामदानी एवं महाराष्ट्र की लोकप्रिय जरी पैठणी साडिया प्रस्तुत की गई है।

## बुंदेलखंड के झांसी में लड़की हूँ लड़ सकती हूँ मैराथन प्रतियोगिता ''रन फॉर मणिकर्णिका'' का परिणाम घोषित

झांसी डीकेयू ब्यूरो : झांसी में लगभग 8000 मणिकर्णिकाओं की प्रतिभागिता के साथ सम्पन्न हुआ। किले की तलहटी पर मुक्ताकाशी मंच परिसर में प्रातः 7 बजे सभी महिला प्रतिभागी एकत्रित हुईं। मुख्य अतिथि यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी0वी0 श्रीनिवासन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, राष्ट्रीय सचिव सुधांशु त्रिपाठी, पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी, प्रदेश उपाध्यक्ष जयवंत सिंह, यूथ प्रदेश अध्यक्ष कनिष्क पाण्डे, चित्रकूट विधायक नीलंचल चतुर्वेदी ने महारानी लक्ष्माबाई पार्क गेट से हरी झण्डी दिखाकर मैराथॉन को रवाना किया। डिजिटल मीडिया संयोजक और प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई एवं वीरांगना झलकारी बाई को नमन कर सभी प्रतिभागी रवाना हुईं। लगभग 5 किमी0 लम्बे रूट के अन्तर्गत पहला पढ़ाव जीवनशाह तिराहा, उसके बाद इलाइट चौराहा, फिर जेल चौराहा से टर्न होकर झोकनबाग पहुँचा। यहां से गोविन्द चौराहा होते हुए सैंयरगेट के रास्ते मिनर्वा तथा यहां से किला रोड होकर मुक्ताकाशी मंच पर मैराथॉन समाप्त हुई। इस दौरान जगह–जगह ''लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ'' के तराने गूंजते रहे। व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए हर मोड़ पर कांग्रेस के वॉलेंटियर मौजूद रहे। रैली के आगे तथा पीछे एम्बुलेंस भी चलती रहीं वहीं बीच–बीच में चिकित्सकों की टीम भी तैनात रही। प्रतियोगिता में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लाइव रूप ड्रोन रिकॉर्डिंग भी होती रही। 25 सदस्यीय स्पोर्ट ऑफिशियल कमेटी द्वारा निर्णय एवं वीडियो रिकॉर्डिंग फिनिश लाइन व पैसिव कंट्रोल पॉइंट के कलर काउंटर व रजिस्टर पर लिखे गए चेस्ट नम्बर के आधार पर विजेताओं का चयनः– ''रन फॉर मणिकर्णिका'' में अदम्य साहस का परिचय देते हुए बबीना विकासखण्ड के ग्राम पलींदा निवासी छाया ठाकुर पुत्री रज्जन सिंह ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूटी अपने नाम की। दूसरी श्रेणी में शीलू यादव एवं मुस्कान पाल के साथ क्रमशः 25 विजेता स्मार्ट फोन के लिए चिहिन्त हुए हैं। जिनके चेस्ट नं0 1433, 0181, 0406, 1447, 0041, 1076, 1326, 0692, 0664, 0028, 0690, 0699, 0201, 0665, 0668, 0693, 0102, 0698, 4093, 4819, 2197, 5390, 0694, 0533, 1297, 3398, 2467 हैं। तीसरी श्रेणी में फिटनेस वैण्ड के लिए क्रमशः 100 विजेताओं प्रतिभागियों को चिन्हित किया गया जिनके चेस्ट नं0 2234, 0815, 0809, 5333, 5384, 8437, 4089, 44079, 4825,, 1971, 5925, 20245, 1224, 5337, 0019, 1807, 3613, 0884, 0222, 11962, 0139, 3576, 2315, 0578, 0210, 1305, 16233, 4094, 0414, 0575, 0214, 3611, 3664, 40229, 22981, 4816, 0844, 0688, 00651, 4845, 0814, 22467, 1394, 0816, 0816, 1722, 2456, 2457, 1636, 5942, 1753, 1061, 1255, 1453, 2168, 33499, 0398, 5994, 1425, 1410, 11423, 0570, 2019, 0013, 11287, 1410, 0577, 0987, 99152, 1803, 1807, 5994, 0030, 4748, 5361, 2493, 0104, 1957, 0747, 1064, 2234, 5352, 0741, 3406, 2299, 1601, 1815, 5388, 3993, 1782, 5331, 1919, 3009, 5444, 3387, 2234 हैं। इसके बाद अगले 1000 विजेताओं को मेडल के लिए चिन्हित किया गया तथा सभी 8000 प्रतिभागियों को टी–शर्ट एवं प्रमाण पत्र वितरित किए



गए। विजेताओं का चयन स्पोर्ट टीचरों की 25 सदस्यीय ऑफिशियल कमेटी ने फिनिश पॉइंट पर रहकर तथा वीडियो रिकॉर्डिंग को जांचकर किया। जो प्रतिभागी प्राइज के लिए रह गए हैं वह अपनी रजिस्ट्रेशन स्लिप तथा रेस के उपरान्त प्राप्त गिफ्ट आईडी कार्ड जोकि उन्हें पहनाया गया था एवं आधार कार्ड के साथ समिति के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। 300 फीट के फ्लैग को फहराकर भरी लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ की हुंकार बुन्देलखण्ड के इस ऐतिहासिक आयोजन में हजारों मणिकर्णिकाओं को जोश देखते ही बन रहा था। रेस पूरी कर हजारों बालिकाओं ने 300 फीट लम्बे फ्लैग के साथ मुक्ताकाशी मंच परिसर में एन्ट्री की। इस दौरान पूरा परिसर ''लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ'' के जयघोष से गूँज उठा। साहस का परिचय देते हुए थीम सॉंग पर हजारों मणिकर्णिकाऐं लगभग आधे घण्टे तक झूमती रहीं। मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी0वी0 श्रीनिवास ने कहा कि जब तक महिलाओं को उपेक्षित समझकर उनकी समस्याओं पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उन्हें सशक्त नहीं बनाया जाएगा तब–तब विकास की राह में बाधाऐं आती रहेंगी। ऐसी जटिल समस्याओं का अध्ययन करके ही प्रियंका जी ने महिलाओं के लिए उनकी क्षमता अनुसार हर प्रकार का मंच उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। आज की मणिकर्णिकाओं को देखकर लग रहा है कि आप सारा जहां जीतने की ताकत रखती हो। आपके सहयोग से प्रियंका जी का कारवां भी चल पड़ा है जिसमें महिलाओं, किसानों, मजदूरों, युवाओं, बजुर्ग, बच्चों सभी का हित निहित है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने मंच को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी जी ने महिलाओं को अधिकार एवं सम्मान दिलाने के लिए जो प्रतिज्ञा ली है उस संकल्प के शंखनाद हेतु बुन्देलखण्ड को केन्द्र में रखा तथा हमारे झांसी जनपद को इसकी कमान सौंपी। प्रतियोगिता में महिलाओं एवं छात्राओं ने जिस उत्साह के साथ भाग लिया तथा जिस अभूतपूर्व साहस का परिचय दिया उससे हमें आगे भी इस तरह के आयोजनों पर विचार करने के लिए बल प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कहा कि बुन्देलखण्ड के इतिहास में यह पहली रेस है जिसमें 15 वर्ष की आयु से लेकर 59 वर्ष तक की महिलाओं ने अभूतपूर्व साहस दिखाया। यह वो इतिहास हैं जो केवल वीरांगना महारानी लक्ष्माबाई तथा वीरांगना झलकारी बाई की नगरी में ही सम्भव हो सकते हैं। यह इतिहास रचने के लिए सभी मणिकर्णिकाऐं बधाई की पात्र हैं। कार्यक्रम के संयोजक उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल रिछारिया ने कहा कि इस ऐतिहासिक मैराथॉन के प्रति मणिकर्णिकाओं का उत्साह हमारी उम्मीदों से भी कहीं अधिक बढ़कर निकला। इस जज्बे को शत–शत नमन। रेस के दौरान ड्रोन रिकॉर्डिंग तथा फिनिश पॉइंट पर लगे कैमरों की सहायता से प्रबंध समिति ने सभी विजेताओं को चिन्हित कर लिया है। जो प्रतिभागी सर्टिफिकेट पाने से वंचित रह गए हैं उन्हें जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से सम्पर्क कर सादर प्रमाण वितिरित किए जाएंगे। बुन्देलखण्ड में इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी झांसी को सौंपी गई तथा हजारों मणिकर्णिकाऐं इसकी साक्षी बनीं। यह हमारे लिए गौरव का क्षण है। ऐसे क्षण आगे भी आते रहेंगे। झांसी की बेटियां जीवन में हर मुकाम हांसिल करने के लिए सक्षम हैं। इसे सौभाग्य ही कहेंगे अपको होश सम्भालते ही वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई एवं वीरांगना झलकारी बाई की वीरता की कहानियां सुनने को मिलती हैं और यही कहानियां आपके जीवन में प्रेरक का काम करती हैं।

# चित्रगुप्त सभा का आम चुनाव चित्रगुप्त धर्मशाला रुहट्टा में चुनाव अधिकारी के देखरेख में सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चित्रगुप्त सभा का आम चुनाव आज चित्रगुप्त धर्मशाला रुहट्टा में चुनाव अधिकारी के देखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव में सभी सदस्यों ने एक स्वर से जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता सरस चन्द श्रीवास्तव जी को सर्वसम्मति से चित्रगुप्त सभा का अध्यक्ष चुना जिसपर कायस्थ समाज के लोगो ने एक स्वर से स्वागत किया और सरस चन्द श्रीवास्तव जी का जोरदार स्वागत किया नवनिर्वाचित अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सरस चन्द श्रीवास्तव ने कहा कि आज चित्रगुप्त सभा ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निष्ठापूर्वक ईमानदारी से पूरा करूँगा व धर्मशाला निर्माण के अधूरे पड़े कामो को शीघ्रता से पूर्ण करूँगा । नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि पूरे कायस्थ समाज के सहमति से एक नई कमेटी का गठन किया जाएगा। चित्रगुप्त सभा चुनाव में पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष रमेन्द्र श्रीवास्तव श्याम रतन श्रीवास्तव बच्चा भइया रवि



श्रीवास्तव कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव सुनील अस्थाना सुरेश अस्थाना राजेश श्रीवास्तव राजकपूर श्रीवास्तव प्रभात श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव साधु संजय अस्थाना विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक संजय श्रीवास्तव हरिश्चंद्र श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव प्रदीप अस्थाना पंकज श्रीवास्तव जितेन्द्र श्रीवास्तव राममोहन श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव बाके लाल श्रीवास्तव विनोद श्रीवास्तव अनिल कुमार श्रीवास्तव श्यामल कांत श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कायस्थ मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों के स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राजेश स्नेह ऑफ ट्रस्ट एजुकेशन दिव्यांग बच्चों का स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र ने कटघरा स्थित फ्लोरेंस फिजियोथैरेपी एंड वैलनेस क्लीनिक परिसर में अपने छात्रों के साथ स्थापना दिवस ता कार्यक्रम बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया और कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत कपूर के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया इस शुभ अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों को टॉफी बिस्कुट मिठाई और उपहार दिए गए सभी बच्चे खाने पीने की चीजें और उपहार पाकर के बहुत खुश हुए विशिष्ट अतिथि डॉ कुलदीप सिंह और जनपद के साहू कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल गुप्ता जी ने बच्चों के कल्याण के लिए हर संभव मदद करने की बात कहीं कार्यक्रम के संचालक और समाजसेवी प्रमोद माली ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया इस शुभ अवसर पर डॉक्टर स्मिता कपूर अनीता सोनी संजय सेठ क्लीनिक




की संचारिका डॉ प्रीति सोनी अरुण त्रिपाठी अमित पांडे राजीव साहू संजय उपाध्याय अजय श्रीवास्तव डॉ ललन विश्व प्रकाश श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष जौनपुर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ व प्रदेश प्रवक्ता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा। किरन मनीष सिंहा गिरीश चंद श्रीवास्तव मुजम्मिल सत्यम प्रजापति अभिषेक मौर्य आकाश गुप्ता साहू विक्रम गुप्ता प्रीति गुप्ता विमला सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी की महारैली लखनऊ में विशाल जनसभा को सफल बनाने को लेकर मीटिंग संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 26/12/2021में आम आदमी पार्टी पार्टी केंद्रीय कार्यालय जौनपुर पर दिल्ली के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध यक्ष आदरणीय श्री अरविन्द केजरीवाल जी की होने वाली महारैली लखनऊ में विशाल जनसभा को सफल बनाने को लेकर मीटिंग की गई आगामी 2 जनवरी 2022 को लखनऊ में ज्यादा ज्यादा संख्या में पहुचना सुनिश्चित हुआ है। आम आदमी पार्टी जनपद जौनपुर के द्वारा उक्त रैली की तैयारी की बैठक 'रैली प्रभारी उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी श्री अभिनव राय की उपस्थिति में संपन्न हुई उक्त बैठक की अध यक्षता जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने की व विधानसभा जौनपुर में रह रहे पदाधिकारी, सदस्य गण साथियों की उपस्थिति रही जौनपुर से 10,000 की संख्या लखनऊ में होने वाले महारैली में यहां के कार्यकर्ता जाएंगे और रजनीश मिश्रा मड़ियाहूं विधानसभा से अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया इस बैठक में शामिल साक्षी जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हिंच नारायण



तिवारी राहुल शर्मा शाहगंज विधानसभा के प्रत्याशी विनोद कुमार प्रजापति मल्हनी विधानसभा प्रत्याशी जियालाल प्रजापति जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य सदर विधानसभा अध्यक्ष संजय जयसवाल केराकत से पंकज चौहान विनोद विश्वकर्मा राज बहादुर पाल अरुण पाल अजय कुमार जयसवाल उमाशंकर और संख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जी शान अवधेश यादव हरि दर्शन दिनेश यादव विनोद कुमार राहुल शुक्ला जयप्रकाश अजय कुमार विश्वकर्मा त्रिलोकी नाथ मिश्रा लालमन सरोज रिजवान अहमद राशिद हुसैन उमेश पांडे मनोज कुमार साहेब जा राकेश गौड़ राधेश्याम आदि लोग मौजूद रहे।

## पिछड़ो के दम पर उ0प्र0 में फिर से बनायेगी भाजपा सरकारः अनिल राजभर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के सन राइज पब्लिक स्कूल मजडीहा के मैदान में पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता के अध यक्षता में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ। जहां पर पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री अनिल राजभर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। सम्मेलन को संबोधि त करते हुये उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश व प्रदेश में सभी को बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार अनेक प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाकर जनता को लाभ प्रदान कर रही है, प्रदेश की जनता ने जिसमे मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग के लोगो ने 2017 में भाजपा पार्टी को 325 सीटें देकर भाजपा को प्रदेश की कमान सौंपी थी और अब फिर से प्रदेश की जनता भाजपा को पूर्ण बहुमत देगी। उन्होंने आगे कहा कि पहले प्रदेश में गुंडे बदमाश खुले में घूमते थे अब प्रदेश में बदमाश न जाने कहा गायब हो गए, योगी सरकार का डर ही काफी है। पिछड़ा वर्ग दिव्यांग कल्याण मंत्री अनिल राजभर ने पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर पर जमकर हमला बोला उन्होने कहा कि लोडर, लीडर की बात करते-करते ओमप्रकाश राजभर कब डीलर बन गए पता ही नही चला। उन्होने कहा कि मुख्तार अंसारी जैसे माफिया के दलाल बन गए, सुहेलदेव के सम्मान से समझौता करके सैय्यद सलार के अनुयायियों से गठजोड़ कर लगातार बड़बोलापन कर रहे हैं। आज ओमप्रकाश मीडिया के साथियों का मनोरंजन बनकर रह गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने राजा सुहेलदेव के नाम पर ट्रेन चलाई, राजा सुहेलदेव की भव्य मंदिर की स्थापना की गई, पिछड़े समाज से फागु चौहान को राज्यपाल




बनाया एव माटी कला बोर्ड की स्थापना की इससे प्रजापति समाज का कल्याण होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य मंत्री गिरीश यादव ने कहा कि सरकार ने मेडिकल शिक्षा में पिछड़ो और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को आरक्षण देने का फैसला लिया है, इन छात्रों को एमबीबीएस, एमएस और डेंटल सहित कई अन्य कोर्स में दाखिला लेने पर आरक्षण का लाभ मिलेगा। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि अश्विनी सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पूर्व देश में एक ऐसे प्रधानमंत्री थे जो कि कोई भी निर्णय लेने असमर्थ हुआ करते थे। वह सिर्फ किसी के इशारों पर ही काम करते है। प्रदेश में भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश चौरसिया ने की। उक्त अवसर पर महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्या, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया, जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, राकेश वर्मा, जिला महामंत्री सुनील तिवारी, जिला महामंत्री प्रमोद प्रजापति, संजीव गुप्ता, अजीत प्रजापति, रामसूरत बिंद, रामस्वारथ बिंद, मंडल अध्यक्ष गण नरेंद्र विश्वकर्मा , धर्मेंद्र मिश्रा, कृष्ण कुमार जायसवाल, सुनील यादव, विजय सिंह विद्यार्थी, क्षेत्र युवा मंत्री पवन पाल, अवनीश यादव, किसान मोर्चा के के मण्डल अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

# राजनीति में कायस्थों की भागीदारी नही तो वोट नही :मुकेश श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरेली अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा कायस्थ समागम का आयोजन एवं कलम दवात मूर्ति का अनावरण समपन्न हुआ ।कार्यकम आयोजक युवा प्रदेश अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री विस्वविमोहन कुलश्रेष्ठ ने किया । मुख्यातिथि महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव रहे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव एवं सपा के एम एल सी आशुतोष सिन्हा




रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ चित्रगुप्त वंदना से हुई ।समागम में एक शुर में तमाम वक्ताओं ने कायस्थों के लिए राजनीतिक भागीदारी की मांगा करते हुए कहाकि आज राजनीतिक पार्टियों ने हमारी आपसी फूट के कारण हमें राजनीतिक गलियारों से हाशिए पर ला दिया है। एक समय हुआ करता था जब हमारे कायस्थ समाज के लोग तमाम राजनीतिक पदों पर नेता मंत्री विधायक हुआ करते थे। लेकिन पूर्वर्ती व वर्तमान सरकार ने हमारे सभी नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया है यदि अब हम नहीं चेते तो हमारी आने वाली नस्लों के सामने भी बड़ा संकट पैदा होगा और समाज से हमारा अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। यहां तक की देश की सबसे शुरुआती राजनीतिक पंचायत जो गांव से शुरू होती है उसमें ज्यादातर गांव के पटवारी कायस्थ समाज के लोग ही हुआ करते थे आज यह संख्या ना के बाहर हो चुकी है। जब हम एकजुट होंगे तो सभी राजनीति पार्टी हमारे पीछे आएगी ।सभी वक्ताओ ने एक स्वर में कहा कि राजनीति में कायस्थों की भागीदारी नही तो वोट नही। समागम के पश्चात भारी संख्या में चौराहे पर स्थापित कलम दावत मूर्ति का अनावरण एमएलसी आशुतोष सिन्हा द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पी सी एल श्रीवास्तव, रास्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती मेघना श्रीवास्तव, प्रदेश के कार्यकरी अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष श्री वेद प्रकाश सक्सेना ने विचार रखे। समागम में जिले सहित प्रदेश के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया।

# भाईचारे का संदेश ही क्रिसमस की मूल भावना : अशोक सिंह



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जैसे लगभग सभी त्योहारों की मूल भावना सामाजिक सामुदायिक सौहार्द की होती है ।उसी प्रकार क्रिसमस के शुभ अवसर पर भी सामाजिक एकता भाईचारे और राष्ट्रीय सम्मान का विचार का आदान-प्रदान होता है और बड़ी खुशी है आज लगभग खुशियां एक जैसी मनाई जा रही है। उक्त विचार क्रिसमस पर्व के शुभ अवसर पर समाजसेवी, उत्तरभारतीय एकता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने पारिवारिक इष्ट मित्रों के साथ कोरोना नियमों का पालन करते हुए हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस का त्यौहार केक काटकर मनाया। इस अवसर अशोक सिंह के अलावा चंदन सिंह , इसरा,कार्यालय प्रबंधक शालिनी सिंह सहित स्टाफ और नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित थे ।अशोक सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह क्रिसमस त्यौहार सभी नागरिकों को आपस में मिलजुल कर भाईचारे से रहनेका संदेश देता है। केवल ईसाई समाज के लोग ही नहीं बल्कि सभी देशवासी मनाते है। देश के हर समाज,समुदाय के लोग बड़े ही आदर भाव के साथ इस क्रिसमस त्यौहार को मना रहे है। स्कूल के बच्चे व टीचर्स भी क्रिसमस के शुभ अवसर पर एक दूसरे को बधाईयां देते हुए इस पर्व को मनाते हैं ।सिंह ने सभी देशवासियों को क्रिसमस के पावन अवसर पर क्रिसमस की बधाई दी ।उन्होंने नागरिकों से आवाहन किया कि सभी लोग सुख शांति के साथ त्यौहार को मनाये और खुश रहे। कोरोना काल की त्रासदी को ध्यान में रखते हुए हर नागरिक आज क्रिसमस मना रहा है ।और वही भारत की मिली जुली संस्कृति है। यह ऐसे ही बनी रहे यही मनोकामना करते है। समाजसेवी उद्योगपति अशोक सिंह उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले से लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी रह चुके है। यह आगामी चुनाव 2022 में भी जौनपुर की धरती से फिर एक बार चुनावी मैदान उतरने के लिए कमरकस कर तैयार है।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित किया गया महिला जागरूकता सम्मेलन



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महिला जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह ने कहा है कि प्रदेश में महिला बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है क्योंकि महिलाओं को हमेशा डर लगा रहता है, घर से निकलते ही वह घर सही सलामत पहुंचेंगे कि नहीं। इस सरकार में हद से ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार हुआ है। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा महिलाओं के साथ हत्या, बलात्कार हुए हैं लेकिन सरकार महिलाओं को न्याय दिलाने में असफल रही हैं बल्कि महिलाओं के ऊपर अत्याचार करने वाले को संरक्षण देने का काम किया है भाजपा ने नारा दिया था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लेकिन बेटियों को भाजपा के नेताओं से बचावों यह कहना भूल गयी थी यह सरकार महिला विरोधी हैं। सिर्फ और सिर्फ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ही महिलाओं को हक और सम्मान देने का काम किया। कहा कि महंगाई आज चरम पर है महिलाएं घर चलाती हैं सबसे ज्यादा प्रभावित इस महंगाई के कारण अगर कुछ हुआ है तो महिलाओं का घर का बजट खराब हुआ है। आज गैस सिलेंडर के दाम चरम सीमा पर है। खाद्य सामग्री के रेट आसमान को छू रहे हैं। किस प्रकार से महिलाएं अपने घर को चलाएं यह बहुत मुश्किल हो रहा है। मिट्टी का तेल, महिला पेंशन दमनकारी सरकार के द्वारा बंद कर दी गई है। मातृशक्ति को आगे आना होगा और अखिलेश यादव की सरकार को बनाना होगा मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, महासचिव हिसामुद्दीन शाह,श्रवण अनीता सिंह प्रेमलता यादव पूनम मौर्या,मालती निषाद, इंदु बाला सोनी यादव, उषा यादव माला शुक्ला, चित्रलेखा सिंह, तारा त्रिपाठी, शबनम नाज,सुमन यादव कमालुद्दीन अंसारी, शेखू खाँ आदि लोग मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर का चुनाव संपन्न : सुधाकर सिंह बनें जिलाध्यक्ष

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर के वार्षिक चुनाव संबंधी आम सभा की बैठक आज नगर पालिका इंटर कॉलेज जौनपुर में संपन्न हुई जिसमें चुनाव अधिकारी मंडल मंत्री वाराणसी वीरेंद्र प्रताप सिंह की देख रेख में सर्व सम्मति से वर्तमान जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह को पुनः जिलाध्यक्ष एवं प्रमोद कुमार सिंह को जिलामंत्री निर्वाचित किया गया। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी के जिला उपाध्यक्ष एवं होरिल राव इंटर कॉलेज कुंवरपुर के प्रवक्ता जय प्रकाश सिंह ने दोनो के पुनः निर्वाचन का प्रस्ताव रखा जिसका संगठन के संरक्षक संकठा सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह तथा प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह सहित उपस्थित विद्यालय शाखा प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने वर्तमान कार्यकारिणी के प्रति समर्थन व्यक्त किया तथा विश्वास जताया कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए की ये सबको साथ लेकर चलेंगे । बैठक में उपस्थित लोगों ने अध्यक्ष, मंत्री से अपने कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने का भी निर्देश दिया। सुधाकर सिंह ने उपस्थित शिक्षकों का अपने प्रति विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया तथा आगे आने वाले संघर्ष के लिए समर्थन मांगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिलामंत्री



प्रमोद सिंह ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त करते हुए सार्वजनिक जीवन में सुचिता और पारदर्शिता से काम करने का वादा किया। इस बैठक को जिला उपाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह रामू , राजेश यादव, संतोष रघुवंशी , रणंजय सिंह, प्रशांत पांडे, अजय सिंह ,उमाकांत श्रीवास्तव,चंद्र प्रकाश दुबे ,जय किशुन यादव,संदेश सिंह, प्रवीण पाण्डेय,पतिराम यादव,राजकुमार सिंह,आशीष मिश्रा, संतोष सिंह, बंशराज यादव,संतोष सिंह कटवार, मनोज सिंह, ब्रह्मदेव यादव दिनेश चक्रवर्ती , दिनेश शुक्ला,नरेंद्र सरोज,विनय सिंह ,संदीप सिंह,संजय सिंह,रामकुमार, दिलीप सिंह,अजीत प्रताप सिंह ,आलोक दुबे,रामसागर सिंह सहित आदि शिक्षकों ने संबोधित किया।

# पुलिस और बदमाशो के बीच हुई मुठभेड़ : दो बदमाश गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना अंतर्गत जलालपुर, चन्दवक व क्राइम ब्रान्च की टीम द्वारा 20 दिसम्बर को बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे युवक से हुई लूट लूट की घटना के अभियुक्तों को पुलिस मुठभेंड में रविवार देर रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रविवार रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 20 दिसंबर को लूट की घटना कारित करने वाले बदमाश नाहर पुलिया की ओर से भागने की फिराक मे है ।इस सूचना पर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ओइना गांव के पास नहर पर पहुचकर बदमाशों के आने का इन्तजार करने लगे तभी वहां से तेज रफ्तार में दो व्यक्ति बाइक से चवरी की तरफ से आते दिखाई दिये पुलिस द्वारा इनको रोकने का प्रयास करने पर बदमाशो द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। फायरिंग से प्रभारी निरीक्षक जलालपुर व क्राइम ब्रान्च प्रभारी आदेश त्यागी दोनों की बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी ।इस पर प्रभारी जलालपुर व क्राइम ब्रान्च प्रभारी द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में दोनो बदमाश पुलिस के फायर से घायल होकर गिर पडे ।मौके से पुलिस ने गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से डॉक्टरों ने ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया ।गिरफ्तार अभियुक्तों में सूरज सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी सलामतपुर थाना महराजगंज, जौनपुर व शशिकान्त वर्मा पुत्र सन्तोष वर्मा निवासी बीरमपुर थाना केराकत जौनपुर







शामिल हैं। इनके ऊपर विभिन्न थानों में संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि 20 दिसंबर को जफराबाद थाना क्षेत्र के कबूलपुर बाजार के यूनियन बैंक से वादी द्वारा बैंक से पैसा निकाल कर ले जाते समय दो अज्ञात बदमाशों द्वारा 2 लाख रुपये लूट लिये जाने की घटना हुई थी। जिसमें तत्काल मुकदमा दर्ज कर टीमें बनाई गई थी इसी क्रम में रविवार देर रात गश्त के दौरान दो युवको को रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग की जिसमें दो पुलिसकर्मियों को बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी हुई ।पुलिस फायरिंग में भी दोनों बदमाश के पैर में गोली लगी है जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इनके ऊपर विभिन्न थानों में आधे दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसमें एक गैंगस्टर का भी आरोपी है इनके पास से लूट के 20 हजार रुपये तमंचा बाइक व अन्य सामान बरामद किया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बैठक कर मांगों पर तत्काल निर्णय करें मुख्य सचिव

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर उपमुख्यमंत्री श्री दिनेश शर्मा द्वारा मोर्चा की मांगों पर वार्ता को मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि जल्द बैठक करके मांगों पर तत्काल निर्णय करें जिससे कि कार्यबंदी ना हो। मुख्य सचिव ने 9 दिसंबर को कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ आधिकारिक बैठक की थी परंतु उक्त बैठक पर कोई कार्यवित्त/निर्देश जारी नहीं किए जाने से किसी भी मांग पर दिसंबर में निर्णय नहीं हो सका जिसके कारण कर्मचारियों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। जबकि कई मांगों पर दिसंबर में निर्णय करने का आश्वासन दिया गया था। और उन पर विश्वास करके 9 दिसंबर से कार्य बंदी स्थगित कर दी गई थी। उपरोक्त जानकारी देते हुए मोर्चा के अध्यक्ष वी पी मिश्र एवं महामंत्री शशी कुमार मिश्र ने बताया कि मोर्चा की बैठक में मुख्य सचिव द्वारा मुख्यमंत्री जी एवं उपमुख्यमंत्री श्री दिनेश शर्मा जी के निर्देशों के अनुरूप मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्णय न करने की निंदा की गई। द्वय नेताओं ने मुख्यमंत्री जी एवं उपमुख्यमंत्री श्री दिनेश शर्मा जी से आग्रह किया है कि बैठक में लिए गए निर्णय को 31 दिसंबर तक पूरा कराएं वरना कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा को दोबारा आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा जिसका उत्तरदायित्व प्रदेश सरकार का होगा।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा किया गया शौर्य संचालन

कानपुर डीकेयू ब्यूरो : विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल द्वारा शौर्य दिवस के तत्वाधान में विशाल शौर्य संचलन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर यात्रा का शुभारंभ हरसहाय डिग्री कॉलेज पी रोड से बजरंग दल प्रांतीय संयोजक श्री अजीत राज जी के द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। यात्रा संतों की सजी टोली द्वारा नेतृत्व करती हुई पी रोड बाजार से गुजरी तो सभी व्यापारी एवं जनमानस फूलों की वर्षा करते हुए उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर बजरंग दल प्रांत संयोजक श्री अजीत राज जी ने कहा कि विवादित ढाँचा विध्वंस के 29 वर्ष पूरे होने पर समस्त सनातन धर्मी को शौर्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ! ये सनातन का सफाई अभियान जरूर आगे बढ़ेगा..ये मथुरा भी पहुंचेगा, काशी भी. .और फिर गांव गांव



तक! जब योगी और मोदी सत्ता में नहीं थे तब भी एक एक हिंदू की रक्षा के लिए विश्व हिन्दू परिषद् द्रण संकल्पित था यह बात हैदराबाद के नमूने को समझ लेनी चाहिए ।यात्रा में मुख्य रूप से महंत जितेंद्र दास जी, बजरंग दल पूर्व राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश शर्मा जी, बजरंग दल प्रांतीय सह संयोजक आशीष गुप्ता जी, विभाग संयोजक अमरनाथ जी, अर्चना तिवारी जी, नवीन जी, प्रिंस जी, आशीष त्रिपाठी जी, कालीचरण जी, रविकांत जी, प्रियम जी, कृष्णा जी, युवराज जी, प्रशांत जी, पिंटू जी, मोहित जी समेत सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अश्वनीपुरम् कालोनी स्थित सुभद्रा अकादमी में समाजवादी लोहिया सम्मेलन व कंबल वितरण समारोह का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनने वाली है।इसमें कोई दो राय नहीं है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में इस पार्टी का जनाधार और भी बढ़ा हुआ है।क्योंकि वर्तमान समय में केंद्र व राज्य सरकार से हर वर्ग के लोग परेशान हैं जिसके चलते सभी वर्ग के लोग योगी सरकार से छुटकारा चाहते हैं।प्रदेश की जनता एक बार फिर आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत में सरकार बनायेगी।यह बातें रविवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के अश्वनी पुरम कॉलोनी स्थित सुभद्रा अकादमी परिसर में आयोजित समाजवादी लोहिया सम्मेलन व कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में आए समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री डॉक्टर शिवप्रताप यादव ने कही। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में आए पूर्व मंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि इस समय योगी सरकार से जहां एक ओर किसान बेरोजगार युवक और सभी वर्ग के लोग परेशान हैं वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे सौतेला व्यवहार के चलते उत्तर प्रदेश की जनता परेशान है।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अतिथियो ने डाक्टर राम मनोहर लोहिया के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया।इसके बाद कार्यक्रम के संयोजक व श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के सपा पार्षद जगत नारायण यादव व यूथ विग्रेड सपा के राष्ट्रीय सचिव विजय नारायण यादव ने संयुक्त रुप से सभी अतिथियो को 51 किलो का माला व शाल पहनाकर स्वागत किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में आये डाक्टर यादव ने कहा कि अब जनता जान चुकी है किसकी सरकार में हम सुरक्षित थे और हम आजादी से जीत रहे थे।इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि योगी सरकार द्वारा की जा रही सौतेला व्यवहार की भावना से इस समय जहां एक ओर सपा कार्यकर्ता व आम जन मानस परेशान हैं।वहां दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में अपराध बेरोजगारी गरीबी के साथ साथ किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने में इजाफा हुआ है।जिसे देखते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को उखाड़ फेंकेगी।वहीं इसी कड़ी में इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आए अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना इरफान कादरी ने कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का होगा और आशा ही नहीं विश्वास है कि इस बार प्रदेश की जनता सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा के पूर्व बहुमत में सरकार बनाएगी उन्होंने कहा कि इस समय केंद्र हो या चाहे राज्य सरकार हो भाजपा के पक्षपात दबाइए के चलते जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है।उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के तानाशाही से आम जनमानस में त्राहि–त्राहि मची हुई है।उन्होंने इस मौके पर कहा कि जब इनके अधिकारी ही इनके जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनते तो आम जनमानस की बात कौन सुनेगा वह इसी कड़ी में पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय ने कहा कि सभी वर्गों का हित समाजवादी पार्टी की सरकार में ही सुरक्षित है और आशा




ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाले दिनों में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को उखाड़ कर फेंकने का काम करेगी वहीं इसके बदले आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत में सपा की सरकार बनाएगी।इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि वर्तमान समय में योगी सरकार की तानाशाही से तंग आकर प्रदेश की जनता इस बार उत्तर प्रदेश की कमान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूर्ण बहुमत में सौंप कर इस सरकार से छुटकारा पाएगी।उन्होने कहा कि सपा सरकार गरीबो की मदद करती है और योगी सरकार गरीबो व सपा कार्यकर्ताओं का शोषण करने में जुटी है।उन्होने कहा कि अगर सपा सरकार में ही गरीब व सभी वर्गो का हित सुरक्षित है।इस मौके पर सभी अतिथियो ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के सपा पार्षद जगत नारायण यादव व विजय नारायण यादव द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम को कराने के लिये जमकर तारीफ किया।इस मौके पर यूथ बिग्रेड सपा के राष्ट्रीय सचिव विजय नारायण यादव ने कहा कि इस समय योगी सरकार के गलत रणनीति के चलते जहां एक ओर पूरे प्रदेश में अत्याचार बेरोजगारी गरीबी आत्महत्या की घटनाएं बढीघ् हुई हैं वहीं इसी कड़ी में लड़कियों व महिलाओं के साथ भी अत्याचार की घटनाएं भी बढ़ी हैं।जिससे आजिज होकर आने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों में सत्ता की बागडोर सौपकर उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत में समाजवादी की सरकार बनाएगी। वही इस मौके पर अयोध्या नगर निगम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के सपा पार्षद जगत नारायण यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में ही जनता का हित सुरक्षित है उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार में सभी वर्गों का विकास हो सकता है।वहीं इसी कड़ी में खचाखच भरी सभा में जहां एक ओर श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद जगन नारायण यादव ने आए हुए अतिथियों का सम्मान किया वहीं पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक वहां पर गरीबों व जरूरतमंद लोगों को तीन सौ से अधिक जरुरत मंद लोगों को कंबल वितरित कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया।इस मौके पर इस ठंड में कंबल पाने वाले सभी जरूरतमंद व गरीब लोगों के चेहरे पर खुशी की लहर साफ साफ दिखाई दे रही थी इन लोगों से जब देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र एनबीसी चौनल के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव ने बात किया तो उन लोगों ने कहा कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद जगत नारायण यादव द्वारा कंबल वितरण समारोह का आयोजन हर वर्ष किया जाता है जिससे हम लोगों की जहां एक और ठंड दूर होती है वही हम लोग बार–बार इनको आशीर्वचन भी देते हैं कि इसी तरीके से आगे भी बढ़ते रहें इस मौके पर इनके अलावा संरक्षक की भूमिका में मुख्तारुल हसन फाजिले बगदाद,राज नारायण यादव,अशोक निषाद,उदय राज निषाद,पार्षद राठहवेली वार्ड रिजवान हसनैन,जाफर मौसम महानगर महासचिव सपा, अनिल यादव,सहित भारी संख्या में महिलाये बच्चे व अन्य लोग मौजूद रहे।

## आगामी विधान सभा चुनाव में बसपा एक बार फिर बना सकती है सरकार : सतीश चन्द्र मिश्रा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्र ने भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया।उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में आये दिन दोनों ही दल मिल कर दंगे कराते हैं।उन्होंने कहा कि अयोध्या के नाम पर हजारों करोड़ रुपए का बजट हर 3 महीने में निकल रहा है,लेकिन सड़कें आज भी टूटी हुई हैं।भाजपा ने भगवान के नाम पर वोट मांगने का काम किया है।बसपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य सतीश मिश्र पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक रविवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित डॉ. बद्री प्रसाद सर्वोदय इंटर कॉलेज के पास आयोजित मंडल स्तरीय जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सुल्तानपुर से डॉ. डी एस मिश्रा, लम्भुआ से उदयराज वर्मा और अमेठी से रागीनी तिवारी को पार्टी का प्रत्याशी भी घोषित किया।जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की सरकार में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय का काम हुआ था और इस बार भी चाहे ब्राह्मण समाज हो या कोई अन्य समाज सभी ने मिलकर तय किया है कि जैसे 2007 में जनता ने बसपा की सरकार बनाई थी उसी तरह आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से बहुजन समाज पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी।इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि 10 दिन में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी।सभी लोग जी जान से लग जाओ और आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि आगामी विधान सभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी तभी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का नारा सफल होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या के नाम पर हजारों करोड़ रुपए का बजट हर 3 महीने में निकल रहा है और कहते हैं अयोध्या में हमने काम किया है, लेकिन सड़के आज भी टूटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा



ने भगवान के नाम पर वोट मांगने का काम किया है। कहा कि भाजपा ने तीन काले कानून लाकर जनता और किसानों को ठगा है।बैंकों को बेचने का काम भाजपा कर रही है।उन्होंने कहा कि सारे सरकारी प्रतिष्ठान पूंजीपतियों के हाथ बेचने का काम भाजपा सरकार कर रही है। बेरोजगारों पर लाठियां बरसाई जा रही है। ब्राह्मण समाज बुलडोजर से डरने वाला नहीं है। ब्राह्मण समाज से इतनी नाराजगी है कि की खुशी दुबे जो साढ़े 16 साल की थी उसे भी जेल मे डाल दिया। उसके पति का एनकाउंटर करा दिया गया। भाजपा के लोग सिर्फ धर्म के नाम पर ही राजनीति करते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार में मंत्री का जिक्र करते हुए कहा कि 4 किसानों को गाड़ी से कुचलकर मारने का काम किया है, लेकिन सरकार ने उन्हें नहीं हटाया।इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि जनता त्रस्त है और भाजपा के कारनामों से बौखलाई है। विधानसभा चुनाव में इसको समूल उखाड़ कर गंगा जी में डुबोने का काम करेगी। जनसभा को दर्जनों पूर्व मंत्री व बसपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संबोधित किया। जनसभा का संचालन मंडल कोआर्डिनेटर एवं मंडल प्रभारी पवन कुमार ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से बसपा नेता व रैली आयोजक करुणाकर पांडे, राम गोपाल कोरी,कृष्ण कुमार पासी, दिलीप कुमार विमल, कक्कू पासी, अमरनाथ शर्मा, योगेन्द्र गौतम, ओमप्रकाश यादव, हरीराम कोरी, चन्द्र कुमार कोरी, देवेन्द्र कुमार सहित तमाम पूर्व मंत्री एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संयुक्त अरब अमीरात के अबु धाबी में भी हो रहा 27 एकड़ में राममंदिर का निर्माण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ ही पूरे विश्व में भगवान राम के प्रति बढ़ती आस्था बढ़ती ही जा रही है।जिसके चलते राम नगरी अयोध्या की ख्याति धीरे धीरे पूरे विश्व में हो रही है।इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में अयोध्या जैसे राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ है।सूत्र के मुताबिक इसका निर्माण वहां की सरकार करा रही है।जबकि मंदिर निर्माण में अयोध्या का एक परिवार कारसेवा कर रहा है।मंदिर निर्माण के लिए अयोध्या से ईंट ले जाई गई है।अरब देशों में भी हिंदू सनातन संस्कृति के प्रति आदर भाव बढ़ रहा है।यूएई के अबू धाबी में निर्माणाधीन राम मंदिर में अयोध्या वासियों ने भी अपनी कारसेवा शुरू कर दी है।दुबई में प्रवासी अयोध्यावासी विवेक तिवारी वैसे तो नौकरी दुबई में करते हैं, मगर अबू धाबी में बन रहे राम मंदिर में कारसेवा के लिए सपरिवार जुट गए हैं।विवेक का साथ देने उनकी माता पर्मावती व पिता जगदीश तिवारी भी दुबई में प्रवास कर रहे हैं।अरब की धरती पर सनातन धर्म के सूर्योदय से वहां रहने वाले लोगों को भारतीय संस्कृति की झलक दिखने लगी है।



यहां प्रातः तथा सायंकाल में मंत्रोच्चार की ध्वनि गुंजायमान हो जाती है।वहां से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं उसमें सनातन धर्म की वसुधैव कुटुंबकम की संस्कृति को परिभाषित हो रही है। इस परिवार के बच्चे अपने मंत्रों में सीएम योगी के नाम का प्रयोग भी कर रहे हैं।कारसेवा में लगे विवेक तिवारी बड़े गर्व के साथ बताते हैं कि करीब 880 करोड़ रुपये की लागत से 27 एकड़ भूमि में निर्मित होने वाला यह हिंदू मंदिर भव्यता की प्रतिमूर्ति होगा।उन्होंने कहा कि इसके लिए राजस्थान के लाल पत्थरों का प्रयोग किया जा रहा है. यह जल्द विश्व फलक पर अपनी अलौकिक छटा बिखेरेगा।यहां मन्त्र उच्चारण के साथ विधिवत ईंट की पूजा की जा रही है।

## सभी बच्चों में भाषाई दक्षता और गणितीय दक्षता विकसित कर बनाएं निपुण – श्रीमती संध्या श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या में आयोजित पाँच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय सन्दर्भदाताओं ( समस्त ए आर पी व के आर पी) का फॉउंडेशनल लिटरेसी व न्यूमेरेसी पर आधारित प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर डायट प्राचार्या श्रीमती संध्या श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया।उन्होने कहा कि सभी बच्चों को भाषा व गणित में निपुण बनाने में शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उनका सहयोग करें।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता डॉ राम चन्द्र यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से चर्चा की।वही इसी कड़ी में एस आर जी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने विद्यालयों में रचनात्मक आकलन को लागू किये जाने पर तथा उनमें प्रयोग में आने वाले टूल पर विस्तार से चर्चा किया।वही इस मौके पर एस आर जी मनीष रस्तोगी ने बुनियादी साक्षरता के कौशलों के बारे में



जानकारी दी। एस आर जी अमित कुमार मिश्र ने सीखने के सिद्धांतों को चरण बद्ध ढंग से बताया। प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्रवक्ता मनोज कुमार ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह वर्द्धन किया। प्रशिक्षण के अंत मे ए आर पी डॉ अनामिका मिश्रा ने एक प्रेरक कहानी को सुनाकर सभी को अपने कार्य एवम दायित्व के प्रति समर्पित होने का भाव जागृत किया। प्रशिक्षण में सभी विकास खण्डों के ए आर पी तथा के आर पी उपस्थित रहे।अंत मे डायट प्राचार्या श्रीमती संध्या श्रीवास्तव द्वारा सभी प्रतिभागियों को एफ एल एन मोड्यूल के साथ साथ प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।

## एक दर्जन से ज्यादा नगरीय व दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों के पचपन मार्गों के निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : एक दर्जन से ज्यादा नगरीय व 2 दर्जन से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों के 55 मार्गों के निर्माण कार्य का शिलान्यास नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने दर्शननगर स्थित लक्ष्मी मैरिज लॉन में एक सभा का अयोजन कर श्रद्धेय अटल जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। तत्पश्चात 55 मार्गों का शिलान्यास भी विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। इसके पूर्व विधायक ने मण्डलीय चिकित्सालय दर्शननगर में सैकड़ो मरीजों मे फल वितरण भी किया। उक्त आयोजन में महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सहित पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों व सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी को सम्बोधित करते हुये विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि हम सभी के प्रेरणास्त्रोत श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने कार्यकाल में सभी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों को सड़को के जाल के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया था। उनका मानना था कि ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी क्षेत्रों से जोड़कर आवागमन को सुगम बनाकर ही क्षेत्र का विकास किया जा सकता। क्योकि सुगम आवागमन से व्यापार का मार्ग प्रशस्त होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या आने वाले सभी प्रमुख मार्गों को 4 लेन व 6 लेन बनाया जा रहा है। अयोध्या के अन्दर नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों तक को पक्का बनाने की दिशा में निरन्तर कार्य किये जा रहे है। इसी क्रम में आज 1 दर्जन से ज्यादा नगरीय क्षेत्रों व 2 दर्जन से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों की कुल 55 सड़कों का शिलान्यास किया गया है। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के साथ–साथ अपने चुनावी घोषणा में किये गए राममन्दिर के वादे को भी निभाया है। जो हम सभी का वर्षों का सपना था वह भारतीय जनता पार्टी ने पूरा किया है अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर–घर पहुँचाकर प्रचण्ड बहुमत से पुनः भाजपा की सरकार बनाये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष नन्द कुमार सिंह, बालकृष्ण वैश्य, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, महानगर उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा गौड, विशाल सिंह बाबा, बिजेन्द्र जायसवाल, संतोष गौड़, प्रदीप सिंह, अनुराग त्रिपाठी, रीना द्विवेदी, हरिभजन गोंड, गब्बर सिंह, अमल गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामलला के श्रद्धालुओं से हो रही लूट : दर्शन से पहले सामान जमा कराने के नाम पर ली जा रही मनमानी रकम : पुलिस बना रही दबाव

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : रामलला का दर्शन करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से लूट हो रही हैस अमावा मंदिर के पास बने चेक पोस्ट पर सुरक्षा के नाम पर श्रद्धालुओं के सामान जमा करा उनसे मनमानी रकम वसूली जा रही हैस मनमानी रकम न देकर सामान जमा न करने पर पुलिस श्रद्धालुओं से अभद्रता भी कर रही हैस रामलला के दर्शन मार्ग पर कब्जा कर उसके किनारे गिमटियों ने चल रहे निजी लाकर रामलला के दर्शन मार्ग पर कब्जा कर उसके किनारे गिमटियों ने चल रहे निजी लाकर 15 से ज्यादा निजी लाकर केंद्र चलाए जा रहे हैं। रामलला के दर्शनमार्ग पर सामान जमा करने के लिए 15 से ज्यादा निजी लाकर केंद्र चलाए जा रहे हैंस इनमें श्रद्धालुओं से प्रति सामान पांच रुपए लिए जा रहे हैंस आसपास डयूटी करने वाले सुरक्षाकर्मियों की सेवा कर लाकर केंद्र संचालक उनसे अपने यहां सामान जाम कराने का आग्रह करते हैं और पुलिस इसमें सहयोग भी कर रही हैस इतना ही नहीं पुलिस के बताए स्थान पर सामान न जमा करने पर उनके साथ सुरक्षा के नाम पर अभद्रता की जा रही हैस पुलिस क्षेत्राधिकारी आरके चुतर्वेदी ने कहा कि यह मामला रेड जोन में आता है और उनसे इससे कोई मतलब नहीं हैस सामान जमा कराने के की होड़ में निजी लाकर केंद्र के संचालकों में पूरे दिन विवाद,मारपीट, अपने निजी लाकर में भक्तों का सामान जमा कराने के की होड़ में निजी लाकर केंद्र के संचालकों में पूरे दिन विवाद होता रहता हैस पिछते तीन साल में आठ बार मारपीट हो चुकी है और चार से ज्यादा मुकदमें भी दर्ज हुए हैंसइससे दर्शन मार्ग का वातावरण भक्तिमय न होकर भक्तों को निराश कर रहा हैस जगह–जगह खोले गए हैं निजी लाकर केंद्र जगह–जगह खोले गए हैं निजी लाकर केंद्र, अमावा मंदिर में निशुल्क लाकर की सुविधा,पर नहीं दी जाती इसकी जानकारी, रामलला के दर्शनार्थियों के लिए अमावा मंदिर में निशुल्क लाकर की सुविधा है जिसका उद्घाटन खुद तत्कालीन एसएसपी शैलेश पांडेय कर चुके हैंस इसके बावजूद पुलिस इस लाकर केंद्र में भक्तों का सामान न तो जमा करा रहे हैं और न ही उन्हें इस सुविधा की जानकारी दे रहे हैंस समस्या को लेकर भक्तों के साथ स्थानीय लोगों व संतों में भी नाराजगी देखी जा रही हैस नगर में प्रवेश से लेकर रामलला की चौखट तक श्रद्धालु सुरक्षा व चेकिंग के नाम भटक रहे। पांच अगस्त 2020 को भूमिपूजन व मंदिर निर्माण शुरु होने के बाद उसे देखने आने वाले श्रद्धझलुओं की संख्या तेजी से बढ़ी हैस15 से 20 हजार श्रद्धालु रोज अयोध्या पहुंच रहे हैंसइनमें से अधिकांश रामलला का दर्शन करना वाहते हैंस नगर में प्रवेश करने से लेकर रामलला की चौखट तक श्रद्धालुओं को सुरक्षा व चेकिंग के साथ वाहन खड़ा करने के लिए भटकना पड़ रहा हैस मंगलवार,शनिवार या अन्य पर्व पर भीड़ बढ़ने के कारण पुलिस नगर में वाहनों का प्रवेश रोक देती है। रामगुलेला मंदिर के सामने भी आस्था से खिलवाड़ रामजन्मभूमि दर्शनमार्ग पर राम गुलेला मंदिर के सामने श्रद्धालु और आम जनमानस का निकलना भी कठिन हो चुका है।लाकर संचालक और दुकानदारों ने सड़को पर कब्जा कर रखा है।अनाधिकृत– अशिक्षित गाइड दुकानों पर कमीशन तय करके श्रद्धालुओं का शोषण करा रहे हैं।ये आसपास की दुकानों पर बैठ कर श्रद्धालुओं का शोषण के जबरन करा रहे हैं।

## अटल युवा संकल्प यात्रा बाइक रैली का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत रत्न व देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जयंती के उपलक्ष में जिले



में अनेको कार्यक्रम का आयोजन हुआ।उसी कडीघ् में इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा अयोध्या महानगर द्वारा युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि शर्मा के नेतृत्व में अटल युवा संकल्प यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया गया।जिसका आयोजन भारतीय जनता पार्टी कार्यलय सिविल लाइन से नयाघाट अयोध्या तक किया गया।सूत्र के मुताबिक इस बाइक रैली का शुभांरम्भ अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने पार्टी कार्यालय पर झंडी दिखाकर किया।इस मौके पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र जिलाध्यक्ष संजीव सिंह रोहित सिंह नीरज श्रीवास्तव रिंकू कार्यसमिति सदस्य एकता जायसवाल जी युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि शर्मा महामंत्री सार्थक प्रताप तिवारी आकाश सिंह उपाध्यक्ष गौरव सिंह अंकित त्रिपाठी अंकित सोनकर नितिन पांडेय गणेशजी अमन तिवारी अविनाश सिंह अस्वनी गुप्ता अभिलाष पांडेय ज्वाला सिंह सोशल मीडिया प्रभारी श्रया सिंह मीडिया प्रभारी आशीष श्रीवास्तव अंश गुप्ता मंडल अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव रविन्द्र शर्मा आकाश गुप्ता सौरभ मिश्र शुभम श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकरता उपस्थित रहे।

## अयोध्या में जमीनों की जांच के आ सकते हैं चौकाने वाले नतीजे

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : राम जन्मभूमि का फैसला सुप्रीम कोर्ट से आने के बाद अयोध्या में अधिकारियों व नेताओं द्वारा बड़े पैमाने पर की गई जमीनों की खरीद–फरोख्त के मामले में जांच के नतीजे चौकाने वाले आ सकते हैं। जांच का दायरा भी बढ़ सकता है। मालूम हो कि बीते दिन इस मामले के खुलासे के बाद शासन स्तर जांच के आदेश दिए गए हैं, और जांच अधिकारी विशेष सचिव राजस्व राधेश्याम मिश्र ने अयोध्या पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। यहां उन्होंने माझा बरहटा की जमीन के कागजात को राजस्व विभाग से हासिल किया है। उन्होंने एसडीएम सदर और सब रजिस्टार से भी पूछताछ की है। और तो और राम जन्मभूमि का फैसला आने के बाद अयोध्या में जिन बड़ी जमीनों की खरीद–फरोख्त हुई है उन सब के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि जांच अधिकारी को माझा बंदोबस्त के दौरान भी जमीनों की हेराफेरी के कुछ मामले संज्ञान में आए हैं जिन पर और गहन जांच की जरूरत समझी जा रही है। मालूम हो कि जांच अधिकारी विशेष सचिव राजस्व श्री मिश्र को 5 दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट भी देनी है। श्री मिश्र ने महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट कि उन जमीनों का भी स्थलीय निरीक्षण किया है जिनकी खरीद–फरोख्त हुई है और मांझा बरहटा के कुछ दलित लोगों से भी मिले हैं। समझा जाता है कि श्री मिश्र अभी कल तक यहां अयोध्या में रहेंगे और छानबीन करेंगे। फिलहाल उन्होंने मीडिया से दूरी बना रखी है।

### जनपद अयोध्या के समाजसेवी दारोगा रणजीत यादव एशिया के सबसे बड़े गाँव गहमर में होंगे सम्मानित

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : कोतवाली अयोध्या में नियुक्त युवा समाजसेवी सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव 'क्षितिज' को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए एशिया के सबसे बड़े गाँव गहमर जनपद गाजीपुर में आयोजित सम्मान समारोह में गोपालराम गहमरी सेवा सम्मान2021 से सम्मानित किए जाएंगे। आजमगढ़ के निवासी रणजीत यादव द्वारा सामाजिक संदेश पर आधारित कहानियों का प्रसारण आकाशवाणी लखनऊ और आकाशवाणी फैजाबाद के रेडियों केंद्र से कई बार हो चुका है। इनकी कहानियों में पहली मुलाकात, जिम्मेदारी,भयानक डर से मौत,इंतजार मां का, वनदेवी का चश्मा, भूरा–बंदर, बड़े घर की बहू इत्यादि हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से दर्शनशात्र विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि धारक रणजीत रक्तदान,पौधरोपण,नशामुक्ति,शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता, गरीब असहायों की मदद करना जैसे सामाजिक कार्यों के लिए भी पहचाने जाते हैं। जनपद अयोध्या के निवासी उन्हें प्यार से सुपरकॉप बुलाते हैं। रणजीत यादव बताते हैं कि "अब तक मुझे नेशनल इकॉनिक पर्सनालिटी अवार्ड दिल्ली,खाकी सम्मान कानपुर,नंदीग्राम रत्न सम्मान और अयोध्या रत्न सम्मान अयोध्या और कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है परंतु एशिया के सबसे बड़े गाँव गहमर में सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस होगा।" रणजीत यादव को उनके फेसबुक पेज रंजीत सुपरकॉप और ट्वीटर एकाउंट /आर सुपरकॉप पर भी फॉलो कर उनके सामाजिक कार्यो को देख सकते हैं।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।